**दिनांक 03.06.2026 को अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी परिक्षेत्राधीन रू0 50 करोड़ से अधिक राशि की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगणः—**

1. श्री ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री धर्मेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. श्री प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—2, पटना।
4. श्री नुतेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल—6, पटना।
5. श्री शान्तनु कुमार सिंह, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—2, पटना।
6. श्री जितेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—2, पटना।

**V.C के माध्यम से उपस्थित पदाधिकारी/संवेदक के प्रतिनिधि**

1. श्री दीपक कुमार, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी।
2. श्री अजय कुमार, अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मुजफ्फरपुर।
3. श्री अमित कुमार, अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी।
4. श्री विनोद कुमार, अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, बेतिया।
5. श्री राकेश भारती, कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, रतवारा।
6. श्री महेन्द्र चौधरी, कार्यपालक अभियंता, दोन नहर प्रमंडल, रामनगर।
7. श्री धर्मवीर कुमार, कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, ढाका।
8. संबंधित संवेदक के प्रतिनिधि।

**1. तिरहुत मुख्य नहर के वि0दू0 538.00 (164.02 कि0मी0) से वि0दू0 839.50 (255.94 कि0मी0) तक दायें नहर सेवापथ का कालीकरण कार्यः—**

तिरहुत मुख्य नहर के वि0दू0 538.00 (164.02 कि0मी0) से वि0दू0 839.50 (255.94 कि0मी0) तक दायें नहर सेवापथ के कालीकरण कार्य की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 83.30 प्रतिशत तथा कुल एकरारित राशि रू0 208.38 करोड़ के विरूद्ध अद्यतन व्यय रू0 140.42 करोड़ है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 15.03.2024 तथा कार्य समाप्ति तिथि 14.06.2025 है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025—26 में रू0 6.00 करोड़ का आवंटन निर्गत किया गया, जिसके विरूद्ध रू0 5.96 करोड़ का व्यय प्रतिवेदित किया गया है। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि इस कार्य का एकरारनामा के अनुसार समाप्ति की तिथि 14.06.2025 है तथा वर्तमान में भी कार्य प्रगति पर है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि कार्य समाप्ति का आकलन करते हुये समयवृद्धि का प्रस्ताव विभाग को समर्पित किया जाय। इसके अतिरिक्त कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि विद्युत पोल Shifting के कारण कार्य बाधित हो रहा है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता को दिनांक 15.08.2026 तक विद्युत पोल Shifting का कार्य को पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही यह भी निदेशित किया गया की विद्युत पोल को Shift करते हुये बचे हुये सेवापथ का कालीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय।

**(कार्रवाई— मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी/अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मुजफ्फरपुर/कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, रतवारा, मुजफ्फरपुर)**

2. **तिरहुत मुख्य नहर के वि०दू० 704.35 (214.68 कि०मी०) से वि०दू० 732.00 (223.11 कि०मी०) तक नहर का पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्यः–**

तिरहुत मुख्य नहर के वि०दू० 704.35 (214.68 कि०मी०) से वि०दू० 732.00 (223.11 कि०मी०) तक नहर का पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 83.40 प्रतिशत तथा एकरारित राशि रू0 67.90 करोड़ के विरूद्ध अद्यतन व्यय रू0 43.50 करोड़ है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 08.10.2024 तथा कार्य समाप्ति तिथि 07.02.2026 है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में रू0 1.50 करोड़ का आवंटन निर्गत किया गया जिसके विरूद्ध शत–प्रतिशत व्यय प्रतिवेदित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की प्रगति असंतोषजनक पायी गयी। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि विद्युत पोल Shifting के कारण कार्य बाधित है तथा वर्तमान में विद्युत पोल के Shifting का कार्य प्रगति पर है। इस संबंध में निदेशित किया गया कि विद्युत पोल Shifting का कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुये बचे हुये लाईनिंग का कार्य पूर्ण कराया जाय। साथ ही लाईनिंग कार्य में आने वाले क्रैक को शीघ्र सुधार करने तथा इस प्रकार की कमियों की पुनरावृति को रोकने हेतु प्रोपर क्यूरिंग, संपीडन कराते हुये कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी/अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मुजफ्फरपुर/कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, रतवारा, मुजफ्फरपुर)**

3. **तिरहुत मुख्य नहर के 223.11 कि०मी० (वि०दू० 732.00) से 240.85 कि०मी० (वि०दू० 790.00) तक नहर का पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य**

तिरहुत मुख्य नहर के 223.11 कि०मी० (वि०दू० 732.00) से 240.85 कि०मी० (वि०दू० 790.00) तक नहर का पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 81.50 प्रतिशत तथा एकरारित राशि रू0 148.38 करोड़ है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 17.04.2025 तथा कार्य समाप्ति तिथि 16.08.2026 है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में रू0 5.00 करोड़ का आवंटन निर्गत किया गया, जिसके विरूद्ध रू0 2.00 करोड का व्यय प्रतिवेदित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की प्रगति असंतोषजनक पायी गयी। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि मुख्य नहर विभिन्न खण्डों में लाईनिंग का कार्य प्रगति पर है, परन्तु विद्युत पोल Shifting के कारण कार्य बाधित हो रहा है। इस संबंध में निदेशित किया गया कि विद्युत पोल Shifting का कार्य दिनांक 15.08.2026 तक पूर्ण कराते हुये बचे हुये लाईनिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय। साथ ही लाईनिंग कार्य में आने वाले क्रैक को शीघ्र सुधार करने तथा इस प्रकार की कमियों की पुनरावृति को रोकने एवं कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी/अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मुजफ्फरपुर/कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, रतवारा, मुजफ्फरपुर)**

4. **पुराने गोआवरी वीयर के स्थान पर नये गेटेड आर०सी०सी० वीयर का निर्माण कार्य**

पुराने गोआवरी वीयर के स्थान पर नये गेटेड आर०सी०सी० वीयर का निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 31.90 प्रतिशत तथा एकरारित राशि रू0 86.92 करोड़ है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 24.09.2025 तथा कार्य समाप्ति तिथि 23.09.2027 है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में रू0 2.00 करोड़ का आवंटन निर्गत किया गया, जिसके विरूद्ध रू0 2.00 करोड का व्यय प्रतिवेदित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप

कार्य की प्रगति असंतोषजनक पायी गयी। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि वर्तमान में वीयर के फाउन्डेशन का कार्य प्रगति पर है, परन्तु नदी में वर्षा के कारण जल स्तर बढ़ने से कार्य बाधित हो रहा है। इस संबंध में अगले 14 दिनों का लक्ष्य 5.12 प्रतिशत निर्धारित किया गया तथा कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि कार्य में मानव बल/मशीनरी/मेटेरियल को बढ़ाते हुये OIS के अनुरूप कार्य की प्रगति सुनिश्चित की जाय। इसके अतिरिक्त कार्यपालक अभियंता को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये कार्य कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी/अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मोतिहारी/कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, ढाका)**

5. **प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के आलोक में दोन शाखा नहर के 0.00 कि0मी0 से 93.75 कि0मी0 तक सेवापथ का पुनर्स्थापन (कालीकरण) कार्य।**

प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के आलोक में दोन शाखा नहर के 0.00 कि0मी0 से 93.75 कि0मी0 तक सेवापथ का पुनर्स्थापन (कालीकरण) कार्य की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 94.00 प्रतिशत तथा एकरारित राशि रू0 64.50 करोड़ है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 25.06.2025 तथा कार्य समाप्ति तिथि 24.06.2026 है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में रू0 5.80 करोड़ का आवंटन निर्गत किया गया, जिसके विरूद्ध रू0 5.80 करोड का व्यय प्रतिवेदित किया गया है। इस संबंध में अगले 14 दिनों का लक्ष्य 6 प्रतिशत निर्धारित किया गया तथा कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि कार्य में मानव बल/मशीनरी/मेटेरियल को बढ़ाते हुये कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि दोन शाखा नहर के 29.69 कि0मी0 से 30.00 कि0मी0 तक वन क्षेत्र के कारण कार्य बाधित है। इस संबंध में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी को आवश्यक कार्रवाई करते हुये शीघ्र कार्य को पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी/अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, बेतिया/कार्यपालक अभियंता, दोन नहर प्रमंडल, रामनगर)**

6. **दोन शाखा नहर के 0.00 कि०मी० से 93.75 कि०मी० तक पुनर्स्थापन कार्य**

दोन शाखा नहर के 0.00 कि०मी० से 93.75 कि०मी० तक पुनर्स्थापन कार्य की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 92.50 प्रतिशत तथा एकरारित राशि रू0 59.64 करोड़ है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 03.09.2025 तथा कार्य समाप्ति तिथि 02.10.2026 है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में रू0 2.50 करोड़ का आवंटन निर्गत किया गया, जिसके विरूद्ध रू0 2.50 करोड का व्यय प्रतिवेदित किया गया है। इस संबंध में अगले 14 दिनों का लक्ष्य 5 प्रतिशत निर्धारित किया गया तथा कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि पुनर्स्थापन कार्य अंतर्गत संरचनाओं के निर्माण/पुनर्स्थापन को प्राथमिकता देते हुये समानुपातिक प्रगति सुनिश्चित करते हुये शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाय।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी/अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, बेतिया/कार्यपालक अभियंता, दोन नहर प्रमंडल, रामनगर)**

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2— वाल्मीकि / मुज0 (विविध)— 70 / 2020— 1205 / पटना, दिनांक : 12-06-2026

प्रतिलिपिः— माननीय उप मुख्यमंत्री, जल संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2— वाल्मीकि / मुज0 (विविध)— 70 / 2020— 1205 / पटना, दिनांक : 12-06-2026

प्रतिलिपिः— सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2— वाल्मीकि / मुज0 (विविध)— 70 / 2020— 1205 / पटना, दिनांक : 12-06-2026

प्रतिलिपिः—अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन / मुख्यालय / मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2— वाल्मीकि / मुज0 (विविध)— 70 / 2020— 1205 / पटना, दिनांक : 12-06-2026

प्रतिलिपिः— मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी / अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मुजफ्फरपुर / मोतिहारी / बेतिया तथा कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमंडल, रतवारा / ढाका / दोन नहर प्रमंडल, रामनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी अपने स्तर से संबंधित संवेदक को बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2— वाल्मीकि / मुज0 (विविध)— 70 / 2020— 1205 / पटना, दिनांक : 12-06-2026

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई तथा विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन